सच की ताकत, खबरों के साथ

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ शुक्रवार ♦ 13 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 913

डीएपी लेना बना बड़ा संघर्ष, बुवाई में हो रही देरी-
केवीएसएस के बाहर लगी किसानों की लंबी लाईनें





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

13 नवम्बर 2026। रबी की फसलों की बुवाई में देरी हो रही है एवं किसानों के सामने डीएपी की कमी के कारण बुवाई नहीं कर पाने का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे दौर में गुरूवार सुबह श्रीडूंगरगढ़ क्रय विक्रय सहकारी समिति में डीएपी की खेप पहुंची तो यहां किसानों की लंबी लाईनें लग गई। किसान यहां सुबह 6 बजे से ही समिति के बाहर खड़े हो गए एवं अपनी बारी के इंतजार में लग गए। दिन चढ़ने के साथ ही यहां पर भीड़ भी बढ़ गई एवं बड़ी संख्या में महिला किसान भी डीएपी लेने पहुंची है। मौके पर किसी प्रकार की छाया, पेयजल सुविधा नहीं होने के कारण किसान खासे परेशान हो रहे है। मौके पर मौजूद किसानों ने कालाबा जारी करने, अपने पसंदीदा लोगों को लाईन तोड़ कर पहले देने के आरोप लगाए है एवं स्थानीय प्रशासन से हस्तक्षेप कर पुलिस पहरे में डीएपी का वितरण करवाने की मांग की है। किसानों के लाईनों में लगे होने की सूचना पर आरएलपी नेता विवेक माचरा भी मौके पर पहुंचें एवं जम कर रोष जताया। माचरा ने तुरंत प्रभाव से व्यवस्था नहीं सुधारने पर सड़क जाम करने की चेतावनी दी। किसानों की यह दिक्कतों का श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स द्वारा फेसुबक पेज पर लाईव प्रसारण भी किया गया एवं जिसके बाद एएसआई गजेन्द्र सिंह की अगुवाई में पुलिस दस्ता भी मौके पर पहुंचा एवं लाईनों को व्यवस्थित करवाने की मशक्कत में जुट गए।

स्वर्णकार समाज बंधु पहुंचें एक मंच पर, किया प्रतिभाओं एवं बुजुर्गों का सम्मान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

13 नवम्बर 2026। श्री मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संघ द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं वयोवृद्ध सम्मान समारोह का आयोजन श्यामप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया गया। आयोजन में 60 प्रतिभाओं को एवं 14 बुजुर्गों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश कडेल ने बताया कि आयोजन के दौरान कोटड़ी माता का मंगलपाठ भी किया गया एवं समाज बंधुओं ने आपसी एकता एवं समन्वय का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अतिथि रूप में मौजूद रहे मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामस्वरूप कडेल ने महासभा के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए हर समय समाज के लिए खड़े रहने की बात कही। महासभा संरक्षक सुमेरमल मौसूण ने जयपुर में होने वाले महासम्मेलन की जानकारी दी एवं समाज में अधिकाधिक संख्या में पहुंचनें का आह्वान किया। कार्यक्रम में सामाजिक अतिथी के रूप मे महासभा संरक्षक सुबोध जागलवा, कोषाध्यक्ष बालकिशन डावंर, विधि सचिव लोकेश रोडा, पूर्व सरपंच राम कुमार कड़ेल, सुरेंद्र रोडा जोधपुर, संरक्षक बाबूलाल मौसुण श्रीडूंगरगढ़ आदि भी मंचासीन रहे एवं समाज के लोगों को एकजुट रहने की अपील की। कार्यक्रम में राजनैतिक अतिथि के रूप में नोखा पालिकाध्यक्ष बजरंगलाल सोनी एवं श्रीडूंगरगढ़ पालिकाध्यक्ष नारायण कलानी, उपाध्यक्ष विनोद गिरी गुंसाई व पार्षद भी मौजूद रहे। श्रीडूंगरगढ़ समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश कड़ेल ने आभार जताया।



श्रीडूंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाही कोई शराब के नशे में, तो कोई पड़ौसी से, कोई पत्नी-मां से तो, कोई लड़ पड़ा महिला से अलग अलग मामलों में झगड़े पर उतारू 6 जनों को किया गिरफ्तार

13 नवम्बर 2026। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस द्वारा बुधवार को अलग अलग कार्रवाहियों में शांति भंग के आरोप में छह जनों को गिरफ़्तार किया गया।

पहले दी महिला को गालियां, फिर थाने पहुंच हुए गर्म, दो भाई गिरफ्तार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। क्षेत्र के गांव डेलांवा निवासी दो भाईयों को श्रीडूंगरगढ़ थाने में बुधवार को शांति भंग के आरोप में गिरफ़्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव उदरासर निवासी परमादेवी ने गांव डेलांवा निवासी हेतराम एवं बीरबल के खिलाफ गाली गलौच करने की परिवाद श्रीडूंगरगढ़ थाने में दी थी। जिसकी जांच करते हुए एएसआई आवडदान ने दोनो को थाने तबल किया। यहां भी दोनो भाई गर्म हो गए एवं परिवाद देने की हिम्मत कैसे हुई यह कहने लगे, इस पर एएसआई आवडदान ने दोनो भाईयों का शांति भंग के आरोप में धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर लिया।

दीपावली के दिन पड़ौसी से किया झगड़ा, थाने में भी नहीं मानी समझाईश, शांति भंग में गिरफ्तार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। कस्बे के कालूबास निवासी राजूसिंह पुत्र खेतसिंह राजपुरोहित को बुधवार को श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजुसिंह ने दीपावली की रात अपने पड़ौसियों से झगड़ा किया था। एवं इसकी परिवाद मिलने पर समझाईश के लिए उसे थाने बुलाया गया। लेकिन थाने में भी नहीं समझने पर एएसआई भगवानाराम ने उसे शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

ससुराल पहुंच कर करने लगा हंगामा, पुलिस ने किया शांति भंग में गिरफ़्तार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। क्षेत्र के गांव गुंसाईसर बड़ा निवासी सुरेश पुत्र मदन खान ढ़ाढी को बुधवार को श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश का ससुराल गांव ऊपनी में है एवं यह बुधवार को अपने सुसराल गया हुआ था। वहां किसी बात को लेकर झगड़ने लगा एवं हंगामा बढ़ने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। समझाने से भी नहीं समझा तो हैडकांस्टेबल संदीप कुमार ने उसे शांति भंग के आरोप में गिरफ़्तार कर लिया।

शराब के नशे में घूमचक्कर पर मचाया उत्पात, पुलिस ने किया शांति भंग में गिरफ़्तार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। भानीपुरा थानाक्षेत्र निवासी एक युवक बुधवार को श्रीडूंगरगढ़ के घूमचक्कर पर शराब के नशे में उत्पात मचाने एवं आते जाते राहगीरों को परेशान करने लगा। सूचना मिलने पर श्रीडूंगरगढ़ थाने के एएसआई मुकेश कुमार मौके पर पहुंचें एवं युवक से समझाईश की। युवक के नहीं मानने पर अजयसिंह पुत्र रोहिताश जाट को शांति भंग के आरोप में गिरफ़्तार कर लिया गया।

युवक के झगड़ से परेशान मां व पत्नी पहुंची थाने, युवक को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। कस्बे के आडसर बास निवासी राजेश प्रजापत की पत्नी एवं मां ने बुधवार को उसके खिलाफ थाने पहुंच कर परिवाद दी। युवक को श्रीडूंगरगढ़ थाने बुलाया गया तो युवक आग बबुला हो गया। इस पर एएसआई मुकेश कुमार ने युवक को शांति भंग की धारा 170 में गिरफ्तार कर बंद हवालात किया।

डेलवा सरपंच विमला देवी ने संभाला कार्यभार, ग्रामीणों ने किया सम्मान, निष्ठापूर्वक कार्य करने का दोहराया संकल्प

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

13 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत डेलवां में नवनिर्वाचित सरपंच विमला देवी ने गुरुवार कों विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने उनका सम्मान एवं अभिनंदन करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। विमला देवी ने ग्राम पंचायत के विकास एवं ग्रामीणों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प दोहराया।कार्यभार ग्रहण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी मानसी शर्मा, उपसरपंच सम्पत कंवर, वार्ड पंच मुखराम, रामनारायण, मोहिनी देवी, द्रौपदी देवी, बीरबलराम एवं सोहनराम उपस्थित रहे। वहीं सरपंच प्रतिनिधि सहीराम डेलू के साथ रामचंद्र डेलू, लाधूराम पारीक, कानाराम सारण, किशन नाई, हेतराम खींचड़, भूराराम मेघवाल, प्रकाश स्वामी, बनवारी डेलू, गणपत डेलू, तोलाराम डेलू एवं श्योपत डेलू सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच का स्वागत करते हुए ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को गति देने की उम्मीद जताई।



दोस्ती में दिया धोखा, शराब ठेका लगाने के लिए लिए कागजात, हडप ली जमीन, मामला दर्ज, मुख्य आरोपी गिरफ़्तार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

13 नवम्बर 2026। श्रीडूंगरगढ़ थाने में जरीए इस्तगासे दोस्ती में धोखा देने का मामला दर्ज हुआ है। कस्बे के कालूबास निवासी ओम प्रकाश पुत्र तोलाराम तिवाड़ी ने इसी मोहल्ले के दौलतराम पुत्र गोपालराम जाट, बाबुलाल पुत्र मोहनलाल, ओम प्रकाश पुत्र तोलाराम, रामचंद्र व सुशील सांसी पुत्र मोहनलाल सांसी के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए फर्जी तरीके से उसकी जमीन को अपने नाम करवा लेने का मामला दर्ज करवाया है। अनुसंधान अधिकारी कश्यपसिंह ने बताया कि ओमप्रकाश पुत्र तोलाराम तिवाड़ी ने इस्तगासे में बताया कि वह आरोपी दौलतराम जाट का पुराना दोस्त था एवं करीब 9 साल पहले दौलतराम ने उससे फोटो एवं चैक शराब ठेके की लॉटरी में शामिल होने हेतु ले लिए थे। परिवादी स्वंय अधिक पढ़ालिखा नहीं है एवं परिवादी ने वर्ष 2019 में एक जमीन खरीदी थी, जिसमें दौलत राम गवाह भी बना था। लेकिन बाद में आरोपी ने वर्ष 2024 में उसके खिलाफ गलत तरीके से एनआई एक्ट के मामला न्यायालय में दर्ज कर वाया एवं 1.5 लाख रुपए के दो चैक भर कर उसमें लगाए हुए थे, साथ ही आरोपी ने उक्त भूखंड को फर्जी बंध पत्र से अपने पास बंधक भी दिखाई। बाद में उसे पता चला कि आरोपी ने उसके नौ वर्ष पुरानी फोटो एवं चैक के माध्यम से उसका भुखण्ड अपने नाम विक्रय करवा लिया। आरोपी ने उसकी जगह किसी दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर दिया एवं फर्जी साईन भी करवा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। मामले में जांच करते हुए दोषी पाए जाने पर अनुसंधान अधिकारी कश्यपसिंह ने मुख्य आरोपी दौलतराम घिंटाला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को आज गुरूवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।





पंचायत स्तरीय कबड्डी लिजेंड के पहले सीजन की विजेता बनी श्रीठाकुरजी क्लब

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स





13 नवम्बर 2026। क्षेत्र की ग्राम पंचायत उदरासर में दो दिवसीय पंचायत स्तरीय कबड्डी लिजेंड प्रतियोगिता का पहला सीजन आयोजित किया गया। इस आयोजन में प्रो-कबड्डी की तर्ज पर ही गत 20 अक्टूबर को खिलाडियों की नीलामी हुई एवं 10 अलग अलग टीमों के मालिकों ने अपने खिलाड़ी चुने। पांच-पांच टीमों के दो ग्रुपों में हुई इस प्रतियोगिता में श्रीठाकुरजी क्लब विजेता बनी। पहले ग्रुप में मॉडर्न प्रिंस स्कूल की टीम विजेता बन कर फाईनल में पहुंची एवं दूसरे ग्रुप में ठाकुरजी क्लब विजेता बन फाईनल में पहुंचा। फाईनल मैच में ठाकुरजी क्लब ने मॉर्डन प्रिंस स्कूल को हरा दिया। ठाकुरजी क्लब के मालिक लालदास स्वामी एवं प्रभू स्वामी ने एवं मॉर्डन प्रिंस स्कूल टीम के मालिक लालचंद डूडी ने अपनी अपनी टीम का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति के मनोज गोदारा ने बताया कि उदरासर पंचायत मुख्यालय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में धोलिया एवं उदरासर दोनो गांवों के खिलाड़ी शामिल रहे। वहीं समापन समारोह में अतिथि रूप में पूर्व सरपंच लेखराम गोदारा, गत चुनावों में सरपंच प्रत्याशी रहे शीश पाल गोदारा, बाबूलाल पंचारिया,संतोष गोदारा, संपत सारण, संपत नाई, लालचन्द डूडी, भंवरलाल गोदारा, सांवताराम जाखड़, चंदू सियाग, बेगराज नाई आदि शामिल रहे।

मनाया 108वां जन्मदिन, काटा केक, मंडी व्यापारियों ने दी बधाई



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 13 नवम्बर 2026। बुधवार को श्रीडूंगरगढ़ कृषि उपज मंडी प्रांगण में उत्सव का माहौल रहा एवं यहां पर स्थित बैंक शाखा में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 108वां स्थापना दिवस मनाया गया। शाखा प्रबंधक मतलुब हसन ने बताया कि इस दौरान श्रीडूंगरगढ़ कृषि उपज मंडी व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश भादू, मंडी के व्यापारी सांवरमल, रामकिशन महिया, मामराज सिद्ध एवं शाखा के ग्राहक मौजूद रहे। उपशाखा प्रबंधक कमल प्रजापत ने आभार जताया। शाखा प्रबंधक मतलुब हसन ने बैंक की स्थापना, विकास के बारे में बताते हुए ग्राहक हित की योजनाओं के बारे में जानकारियां दी एवं अधिकाधिक लाभ उठा कर आर्थिक उन्नती करने की अपील की।

सड़क हादसों का सिलसिला जारी - लखासर-दुलचासर मार्ग पर पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर घायल



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 13 नवम्बर 2026। क्षेत्र में हर दिन हो रहे सड़क हादसों के कारण शाम ढलते ही क्षेत्रवासियों में मन में किसी ना किसी अनिष्ट सूचना आने का भय सा व्याप्त हो गया है। हादसों के क्रम में गुरूवार शाम को क्षेत्र के गांव लखासर से दुलचासर जाने वाले ग्रामीण सड़क पर हादसा हो गया। जिसमें एक मोटरसाईकिल सवार की मौत की सूचना आ रही है और घायलों को 108 के माध्यम से श्रीडूंगरगढ़ चिकित्सालय पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखासर से दुलचासर रोड़ पर एक पिकपअ गाड़ी ने बाईक को टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार एक जने की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर टोल एम्बुलैंस एवं 108 एम्बुलैंस मौके पर पहुंची एवं घायलों को श्रीडूंगरगढ़पहुंचाया। यहां से दो घायलों को बीकानेर रैफर किया गया।

वसीयतन मिले मकान पर कब्जे के लिए छोटे भाई के परिवार ने किया लाठी-बर्छी से हमला, पिता-पुत्री घायल, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 13 नवम्बर 2026। क्षेत्र के गांव मोमासर निवासी 50 वर्षीय केशुराम नाई ने अपने छोटे भाई दिवंगत श्यामलाल की पत्नी एवं पुत्रों के खिलाफ घर में घुस कर लाठी-बर्छी से हमला करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। केशुराम ने पुलिस को बताया कि उसके पिता द्वारा वसीयत में दिए गए मकान व भूखण्ड पर उसके छोटे भाई का परिवार कब्जा करना चाहता है एवं आए दिन जान से मार देने की धमकी देता रहता है। बुधवार शाम को परिवादी के छोटे भाई के बेटे महेन्द्र, जालूराम एवं उनकी मां छोटूदेवी व अन्य दो जनें उसके घर में घुस गए एवं उसके साथ लाठी-बर्छी से मारपीट करने लगे। परिवादी की पुत्री बीच-बचाव के लिए आई तो उसके साथ भी बर्छी से मारपीट की। शोर मचाने पर पडौसी आए एवं उन्हें बचाया। परिवादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है एवं जांच एएसआई गजेन्द्र सिंह करेंगें।

मोटरसाईकिल पर ले भागे नाबालिग युवती को, मोहल्ले के दो युवकों के खिलाफ पिता ने दर्ज करवाया मामला

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 13 नवम्बर 2026। कस्बे के मोमासर बास स्थित वाल्मिक बस्ती के दो युवकों के खिलाफ एक नाबालिग युवती के पिता ने अपनी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी राहुल उर्फ कालू एवं संदीप वाल्मिकी पिछले कई दिनों से उसके घर के आस पास चक्कर काट रहे थे एवं गत 10 नवम्बर की रात को उसकी बेटी को बहला फुसला कर अपने साथ बाईक पर भगा ले गए। आरोपी पहले भी उसकी 16 वर्षिया नाबालिग बेटी को भगा कर ले जाने का प्रयास कर चुके थे, जिसका ओलमा भी आरोपियों के माता-पिता को दिया था। पुलिस ने परेशान पिता की परिवाद पर मामला दर्ज कर लिया है एवं जांच एएसआई राजकुमार को दी गई है।



कोटासर में सर्मथकों ने दी नेक्सोन ईवी, पड़िहार ने बताया इसे सेवा-रथ, आयोजित हुई देव-दर्शन यात्रा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। गांव कोटासर के अगरसिंह पड़िहार को उनके जन्मदिन के मौके पर सर्मथकों एवं ग्रामीणों ने प्रदान की नेक्सोन ईवी गाड़ी।

13 नवम्बर 2026। हाल ही में हुए पंचायती राज चुनावों में हर गांव में ग्रामीण अपने अपने सरपंच प्रत्याशी के खेमें में बंटे हुए नजर आ रहे थे एवं खुल कर अपने प्रत्याशी की जीत करवाने में जुटे हुए थे। अब चुनावों के बाद एक और जहां विजयी रहे सरपंचों के सम्मान, पदभार ग्रहण के आयोजनों की धूम मची है वहीं दूसरी और अपने प्रत्याशी की हार में भी उसके साथी बनने के आयोजन कई गांवों से सामने आ रहे है। हार के बाद भी अपने प्रत्याशी के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े होने वाले यह सर्मथक अपने प्रत्याशी को हर संभव सहयोग एवं गांव के विकास में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प कर रहे है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोटासर में सरपंच चुनाव में मात्र 31 वोटों से हारने वाले अगरसिंह पड़िहार को उनके सर्मथकों द्वारा टीम का गठन कर नेक्सोन ईवी गाड़ी प्रदान की गई है। गांव के उनके सर्मथकों ने इस संबध में आपस में जिम्मेदारी बांटी एवं बुधवार शाम को अगरसिंह के जन्म दिन के मौके पर उन्हें सामूहिक रूप से यह कार प्रदान की। हालांकि अगरसिंह ने इस हेतु मना किया लेकिन ग्रामीणों ने उनके सतत रूप से गांव एवं गौसेवा में जुटे रहने का उल्लेख करते हुए इससे गांव की सेवा और अधिक कर पाने की बात कही। ऐसे में अगरसिंह ने भी इसे स्वीकार करते हुए इसे सेवा-रथ बताया एवं ग्रामीणों द्वारा सेवा में जुटे रहने की जिम्मेदारी दिए जाने की बात कही। अगरसिंह ने गांव के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देने की बात कही इस हेतु गांव की हर मांग पर सबको सामूहिक रूप से एकजुटता के साथ खड़े रहने का आह्वान किया। इसके बाद आज गुरूवार को कोटासर से देशनोक तक देव-दर्शन यात्रा भी आयोजित की गई। जिसमें अगरसिंह एवं उनके सर्मथकों ने करणी माता के दर्शन किए एवं एकजुटता व गांव सेवा के संकल्प लिए।

राजस्व अर्जन के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विभाग प्रभावी कार्ययोजना बनाकर करें कार्यवाही - मुख्य सचिव



जयपुर। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में वित्त (राजस्व) विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 में अक्टूबर माह तक राज्य की राजस्व प्राप्तियों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति को और सुदृढ़ बनाने के लिए सभी विभाग राजस्व अर्जन के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करें। प्रत्येक विभाग नियमित समीक्षा करे तथा राजस्व के नए स्त्रोतों की पहचान कर अतिरिक्त राजस्व अर्जन की कार्ययोजना तैयार करे। राजस्व संग्रहण में कमी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर विशेष निगरानी की जाए। उन्होंने राजस्व रिसाव की रोकथाम, कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण तथा बकाया राजस्व वसूली को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्लेटफॉर्म, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा एनालिटिक्स का अधिकाधिक उपयोग कर संग्रहण प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने तथा विभागों के बीच डेटा साझा करने एवं समन्वय मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि अक्टूबर 2026 तक राज्य को कुल 81,606 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो गत वर्ष की समान अवधि के 72,734 करोड़ रुपये से 12.20 प्रतिशत अधिक है। निर्धारित आनुपातिक लक्ष्य 1,08,442 करोड़ रुपये के विरुद्ध 75.25 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की गई है। जीएसटी से 27,687 करोड़, वैट से 16,346 करोड़, आबकारी से 10,075 करोड़, पंजीयन एवं मुद्रांक से 8,782 करोड़ तथा खान विभाग से 5,889 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। पेट्रोलियम विभाग ने 1,631 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जो गत वर्ष से 33.35 प्रतिशत अधिक है, जबकि पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग में 27.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मुख्य सचिव ने जीएसटी संग्रहण वृद्धि के लिए जोखिम आधारित ऑडिट, AI आधारित जांच एवं ई-वे बिल डेटा के विश्लेषण तथा अन्य राज्यों की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को चरणबद्ध रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग को अवैध मदिरा पर अंकुश, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग को शत-प्रतिशत पंजीयन एवं ऑनलाइन प्रणाली को सुदृढ़ करने, परिवहन विभाग को प्रवर्तन कार्यवाही तेज करने तथा नगरीय विकास एवं आवासन विभाग को भूमि विक्रय, लीज एवं ई-नीलामी के लिए मासिक लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग की बैठक ली, ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि, राजस्थान ने अन्य राज्यों को लगभग 2 हजार करोड़ रुपये की बिजली बेची



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने 34 माह से अधिक के कार्यकाल में बिजली उत्पादन और आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाया है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों और उद्योगों को पर्याप्त विद्युत सप्लाई जारी रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। राज्य सरकार के प्रयासों से अन्य प्रदेशों को लगभग 2 हजार करोड़ रुपये की बिजली विक्रय की गई है। मुख्यमंत्री गुरुवार को ऊर्जा विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने रबी सीजन में किसानों को दिन में दी जाने वाली बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में खैरथल-तिजारा में भी दिन में किसानों को यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। जिससे प्रदेश में अब कुल 28 जिलों के किसानों को दिन में बिजली मिल रही है तथा 13 लाख 56 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने राज्य में बैटरी ऊर्जा भण्डारण प्रणाली के क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बिजली के घाटे में आई कमी

उल्लेखनीय है कि बिजली में 31 मार्च 2023 को कुल घाटा 92,069 करोड़ रुपये था, जो 31 दिसंबर 2023 तक बढ़कर 98,634 करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि में घाटे में 6,565 की वृद्धि दर्ज की गई, जो 9 माह में 7.13 प्रतिशत रही। इसी आधार पर वार्षिक वृद्धि दर अनुमानित 9.50 प्रतिशत रहने से वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह घाटा 1 लाख 21 हजार 73 करोड़ रुपये पहुंच जाता। ऊर्जा विभाग ने इस घाटे को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह घाटा 89,907.77 करोड़ रुपये ही रहा। ऊर्जा विभाग द्वारा वित्तीय अनुशासन के जरिए ऊर्जा क्षमताओं में निरंतर वृद्धि की जा रही है।

विद्युत छीजत घटकर 12.84 प्रतिशत हुई

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विद्युत छीजत में और अधिक कमी लाने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2019-20 के तीनों डिस्कॉम्स में कुल विद्युत छीजत 19.43 प्रतिशत थी, जो कि सुधारात्मक कदमों से वित्तीय वर्ष 2025-26 में घटकर 12.84 प्रतिशत रह गई है। वहीं, जोधपुर डिस्कॉम्स में वित्तीय वर्ष 2019-20 विद्युत छीजत लगभग 38 प्रतिशत थी, जो कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में घटकर 18.64 प्रतिशत हो गई है।

कुसुम योजना से 3 लाख 89 हजार से अधिक किसान लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने पीएम कुसुम योजना के घटक ए व सी के और अधिक प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने दिसंबर 2023 से अक्टूबर 2026 तक घटक ए में 1,779 से अधिक मेगावाट एवं घटक सी में 3,758 से अधिक मेगावाट क्षमता स्थापित की है जबकि पूर्ववर्ती सरकार के समय समान अवधि में घटक ए 9.5 मेगावाट व घटक सी शून्य क्षमता पर रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से पीएम कुसुम योजना के घटक ए व सी में स्थापित क्षमता के आधार पर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। इससे 3 लाख 89 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं।

राजस्थान में विगत 34 माह में 29 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित–

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को प्रदेश की कुल उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लिए उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण क्षमता में उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में और अधिक वृद्धि करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। राजस्थान में विगत 34 माह में 29 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई है। जबकि पूर्ववर्ती सरकार में इसी समान अवधि में अक्षय ऊर्जा क्षमता 5.9 गीगावाट ही स्थापित की गई थी। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना के तय लक्ष्यों की प्राप्ति के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान सौर ऊर्जा स्थापना एवं अक्षय ऊर्जा उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। वहीं, अक्षय ऊर्जा की स्थापित क्षमता में दूसरे स्थान पर है।

जयपुर व अजमेर डिस्कॉम्स पहुंचे लाभ की स्थिति में

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के ठोस निर्णयों से जयपुर एवं अजमेर डिस्कॉम्स की वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर हुई है। अजमेर डिस्कॉम ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 825 करोड रुपये और 2024-25 में 1875 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जयपुर डिस्कॉम 931 करोड़ रुपये के लाभ में रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 34 माह में 400, 220, 132 केवी के 64 नए ग्रिड सब-स्टेशन स्थापित किए हैं, जबकि पूर्ववर्ती सरकार इसी समान अवधि में 27 नए ग्रिड सब-स्टेशन स्थापित कर पाई थी। उन्होंने दिसंबर माह तक 16 नए ग्रिड सब-स्टेशनों के कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर वीसी के माध्यम से जुड़े। वहीं, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा, शासन सचिव ऊर्जा विभाग आरती डोगरा सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहे।

शासन सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ने किया राजस्थान संपर्क 181 केंद्र का निरीक्षण



जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के क्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के शासन सचिव डॉ. रोहित गुप्ता ने गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पात्र परिवारों को समय पर राशन उपलब्ध कराने और पिछले माह राशन नहीं देने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डॉ. गुप्ता ने वीडियो कॉल के माध्यम से परिवादियों और जिला रसद अधिकारियों से संवाद किया। खैरथल-तिजारा के शाहीद खान ने राशन की दुकान समय पर नहीं खुलने और राशन मिलने में देरी की शिकायत की। डॉ. गुप्ता ने उन्हें गुरुवार को ही राशन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। करौली के रोहित कुमार की चार माह से राशन नहीं मिलने की शिकायत पर डॉ. गुप्ता ने जिला रसद अधिकारी को संबंधित विक्रेता से वितरण का प्रतिशत पता कर जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला रसद अधिकारियों को राशन विक्रेताओं से नियमित रूप से मिलने और वितरण की अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश दिए। चित्तौड़गढ़ के लक्ष्मण मेघवाल ने पूरा राशन नहीं मिलने और अलवर की सुनीता ने चार माह का राशन नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर शासन सचिव ने अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। खाद्य विभाग से जुड़े कुल 2,92,542 परिवादों में से करीब 2.89 लाख का निस्तारण हुआ है। निस्तारण में औसतन 12 दिन लगे। सत्यापित प्रकरणों में 74.09 प्रतिशत परिवादियों ने निस्तारण पर संतोष जताया। डॉ. गुप्ता ने राजस्थान संपर्क पोर्टल की कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सुविधा के बारे में भी जानकारी ली और इसे सुविधाजनक व जनोपयोगी बताया। इस अवसर पर विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

बच्चों में निमोनिया की रोकथाम एवं प्रभावी उपचार के लिए सांस अभियान

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि प्रदेश में 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया की रोकथाम, प्रभावी उपचार एवं समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से 12 नवम्बर से 28 फरवरी तक सांस अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही 15 से 21 नवम्बर तक राष्ट्रीय नवजात सप्ताह भी आयोजित किया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ के मार्गदर्शन में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम द्वारा प्रदेशभर में सांस (SAANS) अभियान एवं राष्ट्रीय नवजात सप्ताह के प्रभावी क्रियान्वयन तथा इनसे संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मिशन निदेशक ने बताया कि सांस अभियान एवं राष्ट्रीय नवजात सप्ताह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के लिए गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में निदेशक आरसीएच की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेशभर के सभी जिलों के जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला आशा समन्वयक, डीईआईसी समन्वयक, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी जुड़े। निदेशक आरसीएच डॉ. रोमेल सिंह ने बताया कि सांस अभियान के दौरान 'निमोनिया नहीं तो बचपन सही' की थीम पर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जिला स्तर पर सभी आरसीएचओ को अभियान का शुभारंभ करने के साथ-साथ जिला, ब्लॉक एवं सेक्टर स्तर तक कार्यरत कार्मिकों का आमुखीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी अस्पतालों में उपचार प्रोटोकॉल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में आवश्यकतानुसार जांच उपकरणों एवं उपचार में काम आने वाली एंटीबायोटिक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि आशा सहयोगिनियों द्वारा घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं प्रारंभिक प्रबंधन किया जाएगा। साथ ही संभावित गंभीर मामलों को तत्काल चिकित्सा संस्थान पर रेफर करने, उपचार के बाद फॉलोअप करने तथा समुदाय स्तर पर व्यापक जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। परियोजना निदेशक बाल स्वास्थ्य डॉ. प्रदीप चौधरी ने बताया कि गंभीर निमोनिया के दौरान बच्चों में खांसी, तेज सांस चलना, बुखार तथा स्तनपान अथवा अन्य तरल पदार्थ नहीं पी पाना, उल्टियां होना एवं दौरे आने जैसे लक्षण सामने आते हैं।



श्रीडूंगरगढ़ मंडी से सभी जिंसो के ताजा भाव

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 13 नवम्बर 2026। गुरूवार को श्रीडूंगरगढ़ कृषि उपज मंडी में किसानों एवं व्यापारियों के चेहरों पर तेजी की खुशी देखी गई। गुरूवार को मूंगफली, ग्वार, इसबगुल में जोरदार तेजी देखी गई।

नई खल - 4200/- 4850/-
ग्वार 8000/- 8101/-
ग्वार काला - 7000/- 7900/-
मोठ नया- 8000/- 8551/-
मोठ -6800/-7300
चना- 6700/- 7200/-
रूसी चना- 6600/- 7200/-
मैथी नई- 6800/- 7500/-
गेहूं - 2750/- 2870/-
गेहूं1482 - 2800/- 3500/-
बाजरी - 2500/- 2700/-
बाजरी देसी- 4000/-5000
तारामीरा नया- 5000/- 5700/-
सरसों नई - 6800/- 7500/-
पीली सरसों - 6800/- 7500
खडबा सरसों -आवक नहीं है।
ईसबगोल नया- 13000/- 15700/-
पैकेट ईसबगोल 16500/- 17800/-
जीरा नया- 24500/- 26000/-
मूंग नया- 7000/- 7700/-
मूंग -6000/-7000/-
मूंगफली खला नया ड्ड 6500/- 8001/-
सिकाई मुंगफली -7600/- 8200
मूंगफली चुगा नया - 6900/- 7600/-
मूंगफली दाल - 7000/- 8000/-
मूंगफली कल्याणी - 5000/- 6000/-
मूंगफली बोबरू - 4500/- 6000/-
मूंगफली गोटा फ्रेश - 8000/- 9000/-
तिल- 1000/- 10500/-
जौ नया- 2700/- 3000/-
मूंग चूरी - 40,1300/- 1400/-
मोठ चूरी- 40, 1100/- 1250/-
नया धाना - 12500/- 16500/-

पूनरासर में महंत ने पहनाई माला, सर्मथकों ने एकत्र किए 2.51 लाख

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 13 नवम्बर 2026। क्षेत्र की ग्राम पंचायत पूनरासर के सरपंच चुनावों में प्रत्याशी रही सीता सिद्ध एवं उनके प्रतिनिधि मुनिनाथ सिद्ध के सर्मथकों ने उनका अभिनंदन किया एवं कंधे से कंधा मिला कर खड़े रहने की बात कही। इस मौके पर महंत प्रेमनाथ ने मुनिनाथ सिद्ध को माला पहनाई एवं गांव के युवाओं ने आपस में एकत्र कर 2 लाख 51 हजार रुपए का सहयोग दिया।

अक्टूबर 2026 में खुदरा महंगाई 6.09 प्रतिशत पर पहुंची, खाद्य महंगाई 8.94 प्रतिशत, आरबीआई पर ब्याज दर बढ़ाने का दबाव होगा



खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी के बीच देश के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर 2026 में बढ़कर 6.09 प्रतिशत (अनंतिम) पर पहुंच गयी। इससे पिछले माह सितंबर में यह 5.54 प्रतिशत थी। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अक्टूबर में 8.94 प्रतिशत दर्ज की गयी जो कि एक माह पहले महीने यह 7.74 प्रतिशत थी। अक्टूबर में सामान्य खुदरा मूल्य सूचकांक (सीपीई) 110.05 और खाद्य वस्तुओं का खुदरा मूल्य सूचकांक 113.23 अंक रहा। बढ़ती मुद्रास्फीति को देखते हुए आरबीआई दिसंबर की समीक्षा में अपनी मौद्रिक नीति को और सख्त करने और मुद्रास्फीति में एक-के-बाद-एक, दूसरी बार नीतिगत दर में 0.25 की और वृद्धि कर सकता है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2026 में ग्रामीण महंगाई 6.63 प्रतिशत रही, जबकि शहरी महंगाई 5.41 प्रतिशत दर्ज की गई। दोनों क्षेत्रों में खाद्य महंगाई ऊंचे स्तर पर बनी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 9.09 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 8.68 प्रतिशत रही। अक्टूबर में रेस्त्रां और ठहरने के किरायों में सालाना आधार पर 10.06 प्रतिशत वृद्धि रही जबकि पर्सनल केयर और सोशल प्रोटेक्शन वर्ग की वस्तुओं की मुद्रास्फीति 10.14 प्रतिशत रही। अक्टूबर में प्याज के दाम सालाना आधार पर 116.22 प्रतिशत ऊपर थे जबकि ,लहसुन लहसुन 60.74 प्रतिशत और अदरक और नींबू के खुदरा भाव औसतन 48.32 प्रतिशत और 47.30 प्रतिशत ऊपर दर्ज किये गये। चांदी के आभूषणों की महंगाई भी 52.39 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर रही। माह के दौरान परिवहन वर्ग की मुद्रास्फीति 5.84 प्रतिशत तथा आवास, पानी, बिजली, गैस और अन्य ईंधन वर्ग में महंगाई दर 2.90 प्रतिशत रही। इस दौरान आलू , फल गोभी और नारियल की कीमतों में सालाना आधार पर 14.24 प्रतिशत , 10.57 प्रतिशत और 5.60 प्रतिशत की गिरावट रही। पीएचडी वाणिज्य उद्योग मंडल ने इन आंकड़ों पर कहा, इससे संकेत मिलता है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी का दबाव व्यापक स्तर पर बना हुआ है। पीएचडी उद्योग मंडल के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने इन आंकड़ों पर कहा, ÷अक्टूबर में खुदरा महंगाई बढ़कर 6.09 प्रतिशत और खाद्य महंगाई 8.94 प्रतिशत पर पहुंचना इस बात को रेखांकित करता है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों पर करीबी नजर रखना बेहद जरूरी है। विभिन्न श्रेणियों में महंगाई का रुझान अलग-अलग बना हुआ है, लेकिन उपभोक्ता खर्च में खाद्य पदार्थों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी को देखते हुए इस घटक पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

पीएचडी के महासचिव एवं सीईओ डॉ. रंजीत मेहता ने कहा, अक्टूबर के महंगाई आंकड़े इस बात को समझने की जरूरत को रेखांकित करते हैं कि समग्र महंगाई और इसके विभिन्न घटकों के बीच अंतर करना कितना महत्वपूर्ण है। खाद्य महंगाई में बढ़ोतरी के साथ आवास और स्वास्थ्य संबंधी श्रेणियों में अपेक्षाकृत सीमित मूल्य वृद्धि यह दर्शाती है कि उपभोक्ता खर्च की विभिन्न श्रेणियों में महंगाई का दबाव असमान है। खाद्य महंगाई में लगातार कमी घरेलू परिवारों की क्रय शक्ति में सुधार और मौद्रिक नीति के लिए अधिक स्थिर माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डीबीएस बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक राधिका राव ने कहा , अक्टूबर में भारत की खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक की सहन की सीमा (छह प्रतिशत) को चुनौती दे चुकी है। इसमें खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के साथ मास-दर-मास आधार पर कीमतों का दबाव बढ़ा है। सामान्य खुदरा मुद्रास्फीति अभी और बढ़ेगी और यह तब होगा जबकि तुलनात्मक आधार अनुकूल है। इससे केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति के अपने तिमाही अनुमानों को बढ़ाना पड़ सकता है। आंकड़ों को देखते हुए लगता है कि रिजर्व बैंक दिसंबर की समीक्षा में नीतिगत ब्याज दर में लगातार दूसरी बार बढ़ोतरी करेगा।÷ सम्पत्ति प्रबंधन कंपनी 360 वन एसेट के वरिष्ठ अर्थशास्त्री विक्रम छाबड़ा ने कहा, महंगाई का दबाव अब व्यापक होता दिखाई दे रहा है। ऊर्जा और कच्चे माल की बढ़ती लागत का असर धीरे-धीरे कोर महंगाई (विनिर्मित वस्तु वर्ग) में भी दिखाई देने लगा है। इसके अलावा, खाद्य महंगाई भी बढ़ रही है। जलाशयों में पानी का स्तर कमजोर रहने से रबी फसल पर पड़ने वाले संभावित असर के कारण खाद्य महंगाई में और बढ़ोतरी का जोखिम बना हुआ है। आने वाले कुछ महीनों तक समग्र महंगाई आरबीआई की 6 प्रतिशत की ऊपरी सहन सीमा से ऊपर रहने की संभावना है। श्री छाबड़ा ने कहा, इस स्थिति को देखते हुए हमारा अनुमान है कि RBI ब्याज दरों में एक बार फिर 0.25 प्रतिशतकी बढ़ोतरी कर सकता है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में हालिया तेज गिरावट और रुपये में मजबूती से RBI को कुछ राहत मिल सकती है।

न्यूज़ीलैंड में भारतीय टेस्ट टीम से जुड़ने के लिए रवाना हुए ऋषभ पंत

फ़िटनेस को लेकर कई हफ़्तों की अनिश्चितता के बाद ऋषभ पंत गुरुवार सुबह तड़के न्यूज़ीलैंड के लिए रवाना हो गए हैं। वह शुक्रवार को वेलिंग्टन में भारत की टेस्ट टीम से जुड़ेंगे। सीरीज़ की शुरुआत 19 नवंबर से होगी। पंत साइड स्ट्रेन की चोट से उबर रहे थे और बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ़ ने उन्हें फ़िटनेस की मंज़ूरी दे दी है। 1 से 4 अक्टूबर के बीच श्रीनगर में ईरानी कप के दौरान पंत को यह चोट लगी थी। उस टूर्नामेंट में वह रेस्ट ऑफ़ इंडिया टीम के कप्तान थे। इसके बाद 23 अक्तूबर से वह बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैबिलिटेशन कर रहे थे। सीओई पहुंचने तक पंत को न्यूज़ीलैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम और टेस्ट सीरीज़ से पहले न्यूज़ीलैंड ए के ख़िलाफ़ होने वाले तीन चार दिवसीय मैचों के लिए भारत ए की टीम में भी चुन लिया गया था। हालांकि, इन दोनों टीमों में उनकी भागीदारी फ़िटनेस की मंज़ूरी मिलने पर निर्भर थी। पंत को भारत ए और न्यूज़ीलैंड ए के बीच शुरुआती दो चार दिवसीय मैचों से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद उन्हें 7 से 10 नवंबर के बीच होने वाले तीसरे मैच के लिए समय पर न्यूज़ीलैंड रवाना होना था। हालांकि, उनका रिहैबिलिटेशन आगे बढ़ा दिया गया, क्योंकि बीसीसीआई की मेडिकल टीम फ़िटनेस का आकलन करने के लिए चाहती थी कि पंत कुछ और समय सीओई में बिताएं। वेलिंग्टन में पंत टेस्ट टीम से जुड़ेंगे। उनके साथ कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल और अंशुल कम्बोज भी होंगे। ये तीनों पांच मैचों की सीरीज़ के तीसरे वनडे के बाद टेस्ट सीरीज़ की तैयारी के लिए वनडे टीम से अलग हो गए थे। पंत को भरोसा होगा कि वह 19 नवंबर से शुरू होने वाले वेलिंग्टन टेस्ट में खेलेंगे, लेकिन उनके देर से टीम से जुड़ने के कारण टीम मैनेजमेंट के सामने एक सवाल होगा। क्या प्लेइंग इलेवन में पंत और ध्रुव जुरेल, दोनों को जगह दी जाए, जिन्होंने न्यूज़ीलैंड ए के ख़िलाफ़ भारत ए की कप्तानी की थी। या फिर दोनों विकेटकीपरों में से किसी एक को चुनकर बी साई सुदर्शन और देवदत्त पड़ीकल , दोनों को टीम में शामिल किया जाए?

अब दावे नहीं चलेंगे, महंगाई पर प्रभावी अंकुश लगाए सरकार – कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है और दूध, खाद्य वस्तुओं तथा रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम आसमान छूने से गरीब और मध्यम वर्ग का घरेलू बजट बिगड़ गया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दूध, चावल, आटा, दाल, खाद्य तेल, प्याज, आलू, टमाटर, चीनी और घी समेत जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज अमूल और मदर डेयरी ने भी एक बार फिर दूध के दाम बढ़ा दिये हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद हिन्दुस्तान यूनिलीवर जैसे बड़े ब्रांडों ने डिटर्जेंट और होम केयर उत्पादों के दाम 11 प्रतिशत तक बढ़ा दिये हैं। सर्फ एक्सेल, रिन, व्हील और मोती गुलाब साबुन जैसी रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतें बढ़ने से आम आदमी पर बोझ बढ़ रहा है। श्री रमेश ने कहा कि सरकार एक ओर देश में चीनी का उत्पादन चार गुना तक बढ़ने और 36 लाख टन पुराना स्टॉक मौजूद होने का दावा करती है। दालों के मामले में भी सरकार पर्याप्त उत्पादन और उपलब्धता के दावे करती है। ऐसे में सवाल है कि यदि चीनी और दालों का पर्याप्त उत्पादन तथा स्टॉक मौजूद है तो आम जनता को महंगाई से राहत क्यों नहीं मिल रही है। उन्होंने पेट्रोल में ई-20 ईंधन के इस्तेमाल का मुद्दा उठाया और कहा कि देश की जनता को बढ़ती महंगाई और मिलावटी पेट्रोल की दोहरी मार क्यों झेलनी पड़ रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता को सरकारी दावे और नीतियों के वादे नहीं, बल्कि महंगाई पर प्रभावी अंकुश चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को महंगाई रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा, आपने पहले कहा था- सब चंगा सी, अब तो- सब महँगी सी!

भविष्य की जंग में प्रौद्योगिकी, चौंकाने की क्षमता और तीनों सेनाओं का तालमेल होगा अहम - राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नेगुरुवार को कहा कि तेजी से बदलती युद्ध प्रोद्योगिकी और नये सुरक्षा खतरों के बीच भारतीय सशस्त्र बलों को अपनी आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताएं मजबूत करनी होंगी। रक्षा मंत्री ने यहां वायुसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य के युद्ध में दुश्मन को जवाबी हमला करने का समय न देना और खुद हर अप्रत्याशित हमले के लिए तैयार रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने इसके लिए खुफिया निगरानी, प्रौद्योगिकी श्रेष्ठता और तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध अब पारंपरिक युद्धक्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं। मिसाइल, ड्रोन और उन्नत हथियार प्रणालियां युद्ध की दिशा बदल रही हैं। उन्होंने कामिकेज ड्रोन, निगरानी और ड्रोन रोधी अभियानों जैसी चुनौतियों के लिए तैयार रहने को कहा। श्री सिंह ने वायुसेना को इलेक्ट्रॉनिक, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों में युद्ध की नई रणनीति और व्यवस्था विकसित करने की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि भविष्य की जीत केवल विमानों की संख्या से तय नहीं होगी, बल्कि तकनीकी क्षमता, प्रतिक्रिया की गति और सटीक तैयारी भी निर्णायक होगी। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद वायुसेना के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस अभियान में थलसेना, नौसेना और वायुसेना के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला। अभियान से मिले सबक के आधार पर ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस के दौरान श्री सिंह ने वायुसेना की उड़ान इकाई के ए आई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा विकसित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एप्लिकेशन लॉन्च किये। ये एप्लिकेशन संचालन, प्रशासन और एयरोस्पेस सुरक्षा से जुड़े कामों को स्वचालित करने और तेज करने में मदद करेंगे। इन्हें वायुसेना के सुरक्षित नेटवर्क पर इस्तेमाल किया जायेगा। रक्षा मंत्री ने जवानों को नयी तकनीकों का प्रशिक्षण देने और युवा अग्निवीरों की तकनीकी समझ का बेहतर इस्तेमाल करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों से मिले सुझावों के आधार पर अग्निवीरों के लिए सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी का फैसला लिया गया है। दो दिन के सम्मेलन का विषय %द ईयर ऑफ एम्पावरमेंट- मैक्सिमाइजिंग एफिशिएंसी थ्रू डिसेंट्रलाइजेशन% है। इसमें वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी संचालन, रखरखाव और प्रशासन से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं।

भारती निकेतन स्कूल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) No.1 SCHOOL

IIT Advanced Result 2026

218 विद्यार्थी 90% से ऊपर

वर्ष 2020 एवं 2026 में 2 बार राजस्थान टॉपर के साथ IIT Advanced में सलेक्शन

AIR-603 (GEN-EWS) PANKAJ SHARMA S/o Ravataram Sharma CLASSROOM FOUNDATION STUDENT 2025

AIR-901 (OBC) MRIDUL VERMA S/o Sanjay Verma CLASSROOM FOUNDATION STUDENT 2025

AIR-2683 (GEN-EWS) SUBHAM BOTHRA S/o Pramod Kumar Bothra CLASSROOM STUDENT 2026

1st RAJASTHAN TOPPER 500/500

Hindi 100/100 English 100/100 Physics 100/100 Chemistry 100/100 Maths 100/100

भारती निकेतन के लाल का कमाल

Bhagirath 100.00%

4th STATE MERIT XII Sci. 99.00% Shubham Bothra
7th STATE MERIT XII Sci. 98.40% Licchman Bhari
7th STATE MERIT XII Sci. 98.40% Mukesh Singh
8th STATE MERIT XII Sci. 98.20% Rohit
8th STATE MERIT XII Sci. 98.20% Sunita
8th STATE MERIT XII ARTS 98.20% Garima Meena
9th STATE MERIT X 98.17% Vasudev Swami

यहां बनते हैं IITians, Doctors और Board Toppers 70144-44381

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401